नीतीश मिश्रा

पूर्व मंत्री

बिहार सरकार

सदस्य

बिहार विधान सभा

Ref: 36/2021

Dt- 15-01-2021

प्रधान सचिव का कोषांग

18 JAN 2021

जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

प्रधान सचिव,

जल संसाधन विभाग,

बिहार, पटना।

विषय:-- मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र के झंझारपुर के निकट परतापुर चौर में जलजमाव की समस्या के समाधान के संबंध में।

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के निकट परतापुर चौर में जलजमाव की समस्या की ओर मैंने पूर्व में भी आपका ध्यान आकृष्ट किया था। पूर्व में पत्र के आलोक में अभियंता प्रमुख, (उत्तर) जल संसाधन विभाग ने ज्ञापांक संख्या 19, दिनांक 06.01.2011 के माध्यम से "परतापुर जल निस्सरण योजना" का सर्वेक्षण एवं डी. पी. आर. तैयार करने हेतु कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोषी नहर प्रमंडल झंझारपुर का निदेशित किया था, लेकिन मामला अभी तक लंबित है। (प्रति संलग्न)

झंझारपुर बाढ़ प्रवन्न क्षेत्र है, जहाँ खरीफ फसलों की तबाही छोटी--बड़ी नदियों के बाढ़ से होती है। कृषि योग्य भूमि रहते हुए भी चौर में जलजमाव के कारण किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। चौरों में जलजमाव के निस्सरण को प्राथमिकता सूची में रखा जाना आवश्यक है।

अतएव अनुरोध है कि जनहित में कृषकों की चिर--प्रतीक्षित माँग परतापुर चौर के जलजमाव के निस्सरण हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 15.1.21

(संलग्न:-- अभियंता प्रमुख, (उत्तर) के पत्र की छायाप्रति।)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014

Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com